PRESERVATION AND PROLIFERATION OF RURAL RESOURCES AND NATURE
Pran
(PRAN is registered as a Public Charitable Trust under the Indian Trust Act, 1882)
Contact No. 9934259579, 9006372304, Web. : www.ngopran.org
Narayangadh, Near Samudayik Vikash Bhawan, Rampur, Dist. - Gaya - 823001 (Bihar)
Email- (1) pranheadoffice@gmail.com (2) anilvermaprangaya@gmail.com

Press Release

प्राण संस्था द्वारा भव्य युवा रोजगार मेला का आयोजन, 500 से अधिक युवाओं ने लिया भाग

गया, बिहार

4 जून 2026

युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राण संस्था द्वारा आज दिनांक 4 जून 2026 को DRCC कैम्पस केंदूई गया में एक दिवसीय “युवा रोजगार मेला 2026 का सफल आयोजन किया गया। रोजगार मेले में जिले के अलग अलग ब्लॉक से लगभग 500 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिनमें से 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए आवेदन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में सहायक नियोजन पदाधिकारी रजिया मैडम, RSETI से मनोज कुमार जी, DRCC से लालित कुमार जी, जीविका के जॉब मैनेजर विक्रांत कुमार जी, प्राण संस्था के अनिल कुमार वर्मा जी तथा जन शिक्षण संस्थान के मनोज कुमार जी उपस्थित रहे। सभी

अतिथियों ने युवाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों एवं कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें LNJ Skill Development Training Centre, Pratham Hospitality Training Centre, Chhattisgarh Distributor Pvt. Ltd., RSETI, Quess Corp Limited, BCCM Skill School, AK Enterprises, HDFC Bank, HTC Private Limited, SBPS Health Care, Vision India, Bodhi Hospital, Save India Microfinance Pvt. Ltd., Vardhman Textile तथा Utkarsh Welfare Foundation प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इन संस्थानों एवं कंपनियों द्वारा युवाओं को हॉस्पिटैलिटी, टेक्सटाइल, बैंकिंग, हेल्थकेयर, ऑटोमोबाइल, माइक्रोफाइनेंस, ग्रीन एनर्जी, कंप्यूटर हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार एवं प्रशिक्षण संबंधी अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। कई कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का प्रारंभिक साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया भी आयोजित की गई।

प्राण संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन कर अधिक से अधिक युवाओं तक रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर पहुंचाए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, कंपनियों के प्रतिनिधियों, मीडिया बंधुओं एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

PHOTO GALLERY

जारीकर्ता:

Paripurn Chandra Sharma

PR Department, PRAN GAYA

दिनांक: [illegible]